## एक नजर में

### मलेरिया से जागरूकता के लिए छात्रावास पहुंची टीम



**मोहन बड़ोदिया, 5 जुलाई.** शनिवार को बालक, बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू, मलेरिया के लार्वा सर्वे किया तथा पानी की टंकी व कंटेनर आदी में डेंगू, मलेरिया के लार्वा सर्वे किया. छात्रावास स्टॉफ को डेंगू मलेरिया से बचाव और जागरूक करते हुए साफ. सफाई रखने पुराने पानी को खाली कर नियमित साफसफाई करने सहित गड्ढों में पानी नहीं रहने देने, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छरदानी का उपयोग करने और बुखार आने पर मलेरिया की जांच करवाने सहित आदि जानकारी मलेरिया निरीक्षक रूप नारायण शर्मा द्वारा दी गई. उस दौरान टीम में बीईई बनेसिंह भिलाला, एएनएम रीटा जोशी सहित आशा सहयोगिनी मौजूद रही.



### मोहर्रम पर निकला बड़े साहब का जुलूस

**मक्सी, 5 जुलाई.** झोंकर में वर्षों पुरानी परंपरा और गहरी आस्था के साथ झोंकर में मोहर्रम के दौरान बड़े साहब (दुलदुल) का जुलूस बड़ी धूमधाम से निकाला गया. इस जुलूस में बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम सभी धर्मों के लोग अपनी मुरादें और मन्नतें पूरी करने के लिए शामिल हुए. जुलूस में मेंहदी, रश्म, फूल, सेहरा और चढ़ावे की रस्में निभाई गईं. साथ ही बच्चों को मिठाई और फलों में तौलने की प्राचीन परंपरा भी आज तक जारी है. यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए एक ऐसा त्योहार है जिस पर दोनों धर्मों के लोगों की गहरी आस्था और विश्वास जुड़ा हुआ है. इस वर्ष भी मोहर्रम कमेटी ने अपनी पारंपरिक रस्मों और परंपराओं को पूरी श्रद्धा से निभाते हुए जुलूस का आयोजन किया. जिले और आसपास के जिलों से आए अखाड़ा और बाजा पार्टियों ने रात भर शानदार प्रदर्शन कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया. मोहर्रम कमेटी के सदर इशाक भाई ने बताया कि बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए और इस प्रोग्राम को सफल बनाया. कमेटी के नायब सदर शकील भाई, बशीर पठान, मुन्ना भाई ठेकेदार, सलमान पठान, भूरा बेग सहित अन्य सदस्यों ने मेहमानों, ताशा पार्टी, अखाड़ों के उस्तादों, ग्राम के वरिष्ठों का साफा बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया. यह जुलूस झोंकर में साम्प्रदायिक सद्भाव और एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है.

### बाजारों में आए ताजिए, अखाडों का प्रदर्शन हुआ

**शुजालपुर, 5 जुलाई.** नगर में मोहर्रम का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा मनाया जा रहा है, शुक्रवार की शाम को जहां आखाडों का प्रदर्शन किया गया वहीं शनिवार की शाम को मोहर्रम के ताजिए बाजारों में आए. ताजिएदारों व आयोजन में शामिल समाजनों के लिए बाजारों में कई स्थानों पर शीतल पे व अन्य सामग्रियों की स्टॉले लगाई गई. मोहर्रम इंतजामिया कमेटी शुजालपुर सरपरस्त कल्लू सदर ने बताया कि ताजिए इस्लामपुरा दशहरा मैदान मंडावर रोड नूरपुरा से एकत्रित होकर वाल्मिकीपुरा, त्रिपोलिया बाजार से बडे बाजार में पहुंचे. यहां पर रात्रि में सवारियों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो कि प्रात: 5 बजे तक चलेगा तथा इसके बाद ताजिए बाजार से पथरोडी पहुंचेगे. रविवार को इस्लामी अखाडे का चल समारोह बंजीपुरा, मलकपुरा, मनिहारपुरा होते हुए ताजियों का अखाडों का चल समारोह काजीपुरे से बाजार में प्रवेश करेगा. यह चल समारोह काली माता मंदिर, नगर पालिका कार्यालय के सामने से वापस बडे बाजार में आएगा और ताजिए रातभर बाजार में रहेंगे. इसी प्रकार सोमवार को प्रात: 5 बजे ताजियों का चल समारोह पथरोडी पहुंचेगा और दिन में अखाडों का प्रदर्शन होगा. मोहर्रम पर्व का समापन सोमवार को होगा. सिटी बस स्टेंड पर कलात्मक ताजिए बनाने वाले ताजिएदारों, उस्ताद, खलिफाओं का सम्मान किया जाएगा और उसके बाद चल समारोह में रूप ताजियों का विसर्जन जमधड़ नदी में किया जाएगा.



### सिंधी ब्रह्म शैक्षणिक समिति ने मैद्यावी छात्रों का किया सम्मान

**शुजालपुर, 5 जुलाई.** स्वामी लीला शाह चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सिंधी ब्रह्म खत्री शैक्षणिक समिति जैतपुर गुजरात ने 205 मेद्यावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया. कक्षा पहली से डिग्री कोर्स तक सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान बच्चों से कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है, हमे घरों के वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए. ट्रस्ट द्वारा मेद्यावी विद्यार्थियों को 60 हजार का लोन बिना ब्याज दिया जाता है. ट्रस्टी के खुशीराम आचार्य शुजालपुर ने भी बच्चों को मार्गदर्शित किया. इस अवसर पर अतिथि के रूप में गोविंद मेलवाणी जूनागढ़, प्रहलाद भाई सोरठिया, मुखी जीवतराम कीरी, शिक्षण समिति कन्वीनर विजय हरगुन एवं अन्य सदस्य मौजूद थे, संचालन डिंपल खुआं ने किया.

### सदस्यता अभियान तहत 17 नए सदस्य जोड़े

**शुजालपुर, 5 जुलाई.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा शुजालपुर अध्यक्ष गंगाधर वर्मा ने तिलावद में सदस्यता अभियान 96 वर्षीय सेवा निवृत शिक्षक विजय सिंह चौधरी का आर्शीवाद लेकर शुभारम्भ किया. इस दौरान मांगीलाल चौधरी, नारायणप्रसाद तोमर, जयरामसिंह वर्मा, विक्रमसिंह कलमोदिया, बाबूलाल परमार विशेष से उपस्थित थे. सभी ने उनके दीर्घायु होने की परमात्मा से प्रार्थना की. गंगाधर वर्मा ने बताया सदस्यता अभियान सतत चलता रहेगा और आव्हान किया कि सभी इस अभियान मे शामिल होकर अधिक से अधिक सदस्य बनें ताकि पेंशनर्स स्वाभिमान से जीवन व्यतीत कर सके. अभियान तहत 17 स्थायी सदस्य बनाए गए. साथ ही अरनिया सेक्टर से 100 सदस्य का लक्ष्य तय किया गया.

### चार घंटे की बारिश ने किया तरबतर

**शुजालपुर, 5 जुलाई.** क्षेत्र में समय पर दस्तक देने के बाद मानसून कुछ थम सा गया था, जिसकी गतिविधि एक बार फिर शनिवार को शुरू हुई. सुबह से ही आसमान में काली घटाए छा गई थी और दोपहर 12 बजे रिमझिम फूहार के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ तो लगभग 4 घंटे तक तेज व धीमी बारिश होती रही. बता दे क्षेत्र में खरीफ फसल की बुआई हो चुकी है और बीज भी अंकुरित होकर पौधों का रूप ले चुका है. किसानों द्वारा खरपतवार दवाओं का छिडकाव भी किया जा रहा है. क्षेत्र से गुजरने वाले नदियां व नाले जो पिछले चार माह से सुखे से थे उनमें जलधारा बहती नजर आने लगी है तो जलाशयों में भी जल स्तर बढ़ने लगा है. पिछले तीन दिनों से उमस झेल रहे नागरिकों को शनिवार को हुई बारिश से राहत मिली और अधितम तापमान 28 डिग्री तक आ गया. मौसम जानकार के अनुसार रविवार को भी क्षेत्र में

# डेयरी संचालक पर 2 लाख रुपए का जुर्माना

## अवमानक पाया गया था दूध का नमूना

**शाजापुर, 5 जुलाई. आमजनों को गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री मिले इसका जिम्मा खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग का रहता है. विभाग के अमले को दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण व सैंपलिंग करना होती है. ऐसा ही एक मामला सामने आया है. जिसमें दूध के अवमानक होने की रिपोर्ट आने पर प्रशासन द्वारा व्यवसायी पर दो लाख का जुर्माना किया है.**

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं पदेन अपर जिला दण्डाधिकारी बीएस सोलंकी द्वारा पारित आदेश के तहत अवमानक गाय भैंस के मिश्रित दूध के कारोबार करने के कारण मक्सी स्थित मस्ताना दूध डेयरी के संचालक देवास जिले के बरखेड़ा तहसील टोंकखुर्द के निवासी अखिलेश पटेल पर 2 लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है. तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टटवाडे द्वारा 26 फरवरी को डेयरी पर निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित किया गया था. जांच रिपोर्ट में दूध को अवमानक श्रेणी का पाया गया. इसके आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 2 जुलाई को जुर्माने का आदेश पारित किया गया. निर्णय में कहा गया है कि जुर्माने की राशि 15 दिनों के भीतर लेखा शीर्ष 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड, 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रक के अधीन विभागीय चालान के माध्यम से जमा कराई जाए. समय सीमा में राशि जमा न होने की स्थिति में, धारा 96 के अंतर्गत वसूली भू राजस्व की बकाया राशि की भांति संबंधित तहसीलदार द्वारा की जाएगी. इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि जब तक अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक संबंधित खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन निलंबित रहेगा.

### जले हुए तेल से दिल की बीमारी का रहता है खतरा

जिले की अनेक होटलें ऐसी है जहां पर खाद्य तेल का एक बार से ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है. जबकि एक से अधिक बार खाद्य तेल के इस्तेमाल से बनी खाद्य सामग्री से दिल की बीमारी का खतरा रहता है. लेकिन इस ओर विभाग का अमला होटलों के तेल की जांच तथा व्यवसायियों व लोगों को जागरूक करने के लिए कोई कदम उठाना नजर नहीं आ रहा है.

### कुछ दुकानों पर ही जांच कर हो रही इतिश्री

जिले में खाद्य एवं पेय पदार्थों की हजारों दुकानें है, इनमें से कई नियमानुसार चल रही है तो अनेक दुकानों में नियमों का पालन नहीं होता है, त्योहारों का सीजन आने वाला है, लेकिन खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग सिर्फ कुछ दुकानों पर पहुंचकर सिर्फ सैंपलिंग का टारगेट पूरा कर रहा है. त्योहारी सीजन में दुकानों पर जाकर सैंपलिंग के साथ साथ निरीक्षण किया जाना भी आवश्यक है.

### बिना रजिस्ट्रेशन के व्यवसाय कर रहे कई दुकानदार

खाद्य एवं पेय पदार्थों से संबंधित व्यवसाय करने के लिए नियमानुसार लायसेंस व रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य होता है लेकिन कई दुकानें आज भी ऐसी हैं जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं है. ऐसे में इन व्यवसायियों द्वारा विक्रय या निर्माण की जा रही सामग्री किस गुणवत्ता की है इसकी जांच के लिए नाम, पता आदि नहीं होने कारण भी समस्या आती है. यदि दुकानों की पूरी तरह से उचित जांच, निरीक्षण आदि हो तो कई सामान अवमानक आदि मिलेगा. जबकि उचित जांच, निरीक्षण के अभाव में आम लोग इनका सेवन कर लेते हैं. वहीं उचित निरीक्षण सैंपलिंग होने पर सामग्री की गुणवत्ता का पता चल जाता है. जांच रिपोर्ट में खाद्य या पेय पदार्थ के अवमानक निकलने पर जुर्माना आदि की कार्रवाई हो पाती है.

# ट्रेनर को संस्था ने 3 साल बाद भी नहीं दिया मानदेय

## कन्या स्कूल के चक्कर काट रही ट्रेनर, शिक्षा विभाग के जिम्मेदार भी नहीं दे रहे ध्यान

**सुसनेर, 5 जुलाई. महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत सुसनेर विकासखंड में कई शासकीय स्कूलों में ट्रेनर स्वर्णा जैन के द्वारा छात्राओं को सेल्फडिफेंस के गुर सिखाने हेतु कराटे का प्रशिक्षण दिया गया था. इसमें अधिकांश स्कूलों से तो ट्रेनर स्वर्णा जैन को मानदेय मिल गया. लेकिन शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से स्वर्णा जैन को मानदेय नहीं दिया गया.**

स्वर्णा के अनुसार वर्ष 2022-23 में उन्होंने सुसनेर में तहसील रोड पर स्थित कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक आत्मरक्षा के हेतु कराटे व सेल्फडिफेंस का प्रशिक्षण दिया था. जिसका 15 हजार रूपये का मानदेय संस्था के जिम्मेदारों द्वारा नहीं दिया गया. स्वर्णा के अनुसार उन्होंने वर्ष 2022-23 से लेकर उसके बाद के वर्षा में सुसनेर विकासखंड के ग्राम गैलाना, जाख, पालडा, मैना, मोडी, रिछडिया व माणा समेत कई शासकीय स्कूलों में प्रशिक्षण दिया, सब जगह से उन्हें मानदेय दिया गया. लेकिन कन्या स्कूल के जिम्मेदारों के द्वारा 3 साल बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया. स्वर्णा और उसके परिजन कन्या स्कूल के चक्कर लगा लगाकर के थक चुके है. लेकिन जिम्मेदार है कि इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है. स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया. आश्चर्य की बात तो यह है की सम्बंधित के द्वारा दो बार. अपने बैंक खाता नम्बर उक्त संस्था को दे दिए जाने के बाद भी 3 साल में मानदेय क्यों नहीं दिया गया यह अपने आप में बडा सवाल है. इस संबंध में कन्या स्कूल के संकुल प्राचार्य के एलमालवीय के अनुसार पहले संबंधित ने खाता नंबर गलत दे दिये थे. इस वजह से मानदेय नहीं दिया जा सका.

**इनका कहना है**

*कन्या स्कूल में छात्राओ को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए प्रशिक्षण दिलवाया गया था, इसका मानदेया ट्रेनर को नहीं दिया गया है. इसको में दिखवाता हु और संबंधित संस्था से ट्रेनर को मानदेय दिलाने का प्रयास किया जाएगा.*

***-एमके जाटव, डीपीसी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, आगर***

# शिक्षक प्रशिक्षण कक्षा 6 से 8 का समापन समारोह



**मोहन बड़ोदिया, 5 जुलाई.** शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में शिक्षक प्रशिक्षण कक्षा 6 से 8 का समापन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य एसके तिवारी, बीआरसी योगेश भावसार, ब्लॉक प्रशिक्षण प्रभारी बीएसी बृजमोहन कारपेंटर, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक गोविंद पाटीदार, मास्टर ट्रेनर सत्यनारायण पाटीदार, विजय जैन, शुभम शर्मा एवं ओमप्रकाश पाटीदार सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे. जिसमें अतिथियों द्वारा शिक्षकों से प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को छात्रों तक पहुंचाने की लिए कहा गया.

### सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी

**शुजालपुर, 5 जुलाई.** नगर में पिछले कुछ महिनों से थमी बाइक चोरी की वारदात एक बार फिर शुरू हो गई. मंडी क्षेत्र से कुछ दिनों में दो बाइक चोरी की वारदात अलग-अलग स्थानों से हो चुकी है. मंडी क्षेत्र में सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया. फरियादी मनीष मेहरा पिता प्रेमसिंह मेहरा निवासी कृष्णा नगर कालोनी शुजालपुर मंडी ने पुलिस को बताया कि वह मजदुरी करता है तथा बाइक क्रमांक एमपी 42 एम क्यू 4059 से सब्जी बाजार शुजालपुर मंडी में सब्जी खरीदने गया था, के लिए गया था. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बाइक सरकारी अस्पताल शुजालपुर मडी के पीछे स्थित खाली जगह पर खडी कर दी थी उसके बाद में बाजार में सब्जी खरीदने के लिए चला गया, जब आधे घंटे बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली. पुलिस ने शिकायत पर लगभग 80 हजार किमती बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया.

# पंचायत भवनों के अधूरे निर्माण पर सरपंच एवं सचिवों को नोटिस दें

## कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की

**शाजापुर, 5 जुलाई. पंचायत भवनों के अधूरे निर्माण वाली ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों को नोटिस जारी करें एवं वसूली के प्रकरण बनाएं. उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए.**

पुरानी स्वीकृत पंचायत भवनों के अधूरे निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्ताविहीन निर्माण तथा अपूर्ण निर्माण के लिए वसूली का नोटिस जारी करें. कलेक्टर ने अपूर्ण निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए. इसी तरह नवीन स्वीकृत पंचायत भवनों के निर्माण की भी कलेक्टर ने समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त होना चाहिए. खराब निर्माण कार्य होने पर वसूली की जाएगी. भी भवनों में हवादार खिड़कियां उचित मापदण्ड से रैम्प आदि का निर्माण कराएं. कलेक्टर ने सभी उपयंत्रियों को निर्देश दिए कि वे एक एक पंचायत भवन का नियमित निरीक्षण करें और कार्यों पर बारीकी से नजर रखें.

**जलप्रदाय योजनाओं को दो सप्ताह में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करें**

बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जलनिगम के कार्यों की समीक्षा की. जलनिगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जलप्रदाय वाले ग्रामों में ग्रामीणों से जलकर की प्राप्ति के लिए ग्राम सभा की बैठकों में सभी को अवगत कराने के निर्देश दिए. साथ ही ग्रामसभा की बैठक में योजना के मैंटेनेंस के लिए क्या व्यवस्था रहेगी, इस पर भी चर्चा करने के लिए कहा. कलेक्टर ने जलनिगम एवं जलजीवन मिशन के कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों के रीस्टोरेशन के कार्य की भी समीक्षा की. कलेक्टर ने जलजीवन मिशन के तहत पूर्ण हो रही योजनाओं को ग्राम पंचायतों को दो सप्ताह में हस्तांतरित करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए. बैठक में कलेक्टर ने जलनिगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा भी की. कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यों का निरीक्षण करने के लिए भी कहा. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद पंचायत शाजापुर प्रभारी सीईओ राजकुमार हलदर, सीईओ जनपद कालापीपल डीआरएस राणा, मो. बड़ोदिया अमृतराज सिसोदिया, कार्यपालन यंत्री आरईएस संजय मेहर, पीएचई केएस डामोर सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.

### चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटवाएं...

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने अच्छे कार्यों के वीडियो क्लिप्स भी बनाने के लिए कहा. जिन ग्राम पंचायतों ने अच्छा कार्य किया है उन्हें स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में सम्मानित करने के लिए नाम प्रस्तावित करने के लिए भी कलेक्टर ने कहा. गौशाला निर्माण की समीक्षा में कलेक्टर ने गौशालाओं की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटवाने तथा पशुधन के लिए नेपियर घास लगाने के निर्देश दिए. इस अवसर पर कलेक्टर ने अमृत सरोवर, खेत तालाब, नंदन फलोद्यान, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान के कार्यों, जल ग्रहण मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की.

### अपूर्ण कार्य करने वाले इंजीनियरों के दस-दस दिन के वेतन रोके...

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी भवनों के नए एवं पुराने स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंखें, पर्याप्त विद्युत कनेक्शन, बच्चों के लिए फिसलपट्टी, रैम्प एवं सीसा झूला आदि का प्रबंध भी करें. नए आंगनवाड़ी भवनों में किचन गार्डन के लिए पर्याप्त स्थान रखें. अपूर्ण कार्य वाले उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों के 10-10 दिन का वेतन कार्य पूर्ण होने तक रोकने के निर्देश कलेक्टर ने दिए. कलेक्टर ने भवनों के सभी नए निर्माण कार्यों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का प्रावधान रखने के लिए भी कहा.

# ई केवाईसी : 15 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

**मक्सी, 5 जुलाई. नगर परिषद मक्सी के कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद क्षेत्र में ई केवाईसी के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे. यह शिविर 5 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे.**

इस शिविर का उद्देश्य नवविवाहिता को परिवार आईडी में जोड़ना, 90 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों सहित परिवार के सभी सदस्यों की ई केवाईसी कराना है. ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने पर परिवार शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे लाडली बहना योजना आदि का लाभ उठा सकेंगे. नगर परिषद मक्सी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने आधार कार्ड, परिवार की समग्र आईडी और मोबाइल नंबर लेकर निकटतम शिविर स्थल पर पहुंचे और अपने परिवार के सदस्यों की ई केवाईसी कराएं. नगर परिषद मक्सी की ओर से निवासियों को यह संदेश दिया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण शिविर में अवश्य भाग लें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ उनके परिवारों तक पहुंच सके.

**शिविर स्थल और वार्ड विवरण**

अभियान के तहत झूला घर, वार्ड क्रमांक 1, रेस्ट हाउस, वार्ड क्रमांक 6, संपत बाई मांगलिक भवन, वार्ड क्रमांक 8, भावसार धर्मशाला, वार्ड क्रमांक 11, पुरानी तहसील, वार्ड क्रमांक 15, सम्मिलित वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3/2, 3/1, 4, 5 एवं 6, 7 एवं 8, 9, 10, 11, 12 एवं 13, 14 एवं 15 में शिविर लगाए जाएंगे.

# मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण दिया

**शाजापुर, 5 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में शाजापुर जिले में खेत तालाब योजनान्तर्गत निर्मित जल संरचनाओं में किसानों का मत्स्य पालन के संबध में चारों विकासखंडों में प्रशिक्षण आयोजित किए गए.**

इस दौरान किसान छोटे-छोटे तालाबों में व्यावसायिक रूप से किस प्रकार मत्स्य उत्पादन कर आमदनी को दुगना करें, इसके लिए क्षेत्र के किसानों को पांगेशीयस मछली का पालन पोषण करने के बारे में विस्तार बताया गया साथ ही उन्हें तकनीकी जानकारी दी गई. किसानों को समय समय पर मत्स्य बीज उपलब्धता एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है. जिसमें मत्स्य पालन करने वालों किसानों को जोड़ा जा रहा है. किसानों को मत्स्य बीज उत्पादन व तिलपिया पालन के संबंध में भी जानकारी मत्स्य निरीक्षक किशोर महाजन द्वारा प्रदान की गई. इस अवसर पर जनपद पंचायत मो.बड़ोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृतराज सिसोदिया भी उपस्थित थे.

### पेट्रोल, डीजल एवं नागरिक सेवाओं की जांच के लिए दल गठित

**शाजापुर, 5 जुलाई.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा जिले में संचालित समस्त डीजल एवं पेट्रोल पम्पों पर गुणवत्ता युक्त पेट्रोल डीजल एवं आवश्यक नागरिक सेवाओं की जांच के लिए तहसीलवार जांच दल का गठन किया हैं. जिले की सभी तहसीलों के लिए गठित जांच दल में उस क्षेत्र के संबंधित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, सहायक आपूर्ति अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं सेल्स ऑफिसर को रखा गया है. जांच दल अपने अपने कार्यक्षेत्र अंतगर्त समस्त डीजल पेट्रोल पम्पों का 3 माह में निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. उल्लेखनीय है कि आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के अनुसार प्रदेश में कई स्थानों पर पानी मिश्रित डीजल प्रदाय किए जाने की घटना प्रकाश में आई हैं, जो अत्यन्त खेदजनक हैं. इस परिपेक्ष्य में जिले के सभी डीजल पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंको में पानी की उपस्थिति की रोकथाम एवं उपभोक्ताओं को नोजल से प्रदाय किए जा रहे उत्पादक की गुणवत्ता, डीजल पेट्रोल पंपो पर आवश्यक नागरिक सेवाओं जैसे नि:शुल्क हवा, पेयजल महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक पृथक शौचालय की उपलब्धता तथा पेट्रोल पम्प के शौचालयों की सफाई व्यवस्था के लिए जांच दल का गठन किया गया.

## एक नजर में

### चल रहा श्री सिद्धचक्र मंडल विधान, 10 जुलाई को होगा समापन

# भक्ति में लीन समाजजन, त्रिमूर्ति मंदिर में बह रही धर्म की बयार

**सुसनेर, 5 जुलाई. उज्जैन-झालावाड राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दिगम्बर जैन समाज के तीर्थ स्थल त्रिमूर्ति मंदिर में इन दिनों 10 दिवसीय श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें समाजजन पारम्पारिक वस्त्र पहने हुए संगीतमय भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं. कोई भगवान का अभिषेक करते हुए दिखाई दे रहा है तो कोई अर्ध्य चढा रहा है.**



जैन समाज के भक्तजन इन दिनों सभी सिद्धो की आराधना करते हुए अच्छी वर्षा और क्षेत्र में खुशहाली की कामना कर रहे हैं. 10 जुलाई को धार्मिक आयोजन का समापन होगा. आपको बता दे की इसका आयोजन मुनिश्री भूतबलीसागर के शिष्य मुनिश्री मौनसागर, मुनिसागर महाराज, मुक्तिसागर महाराज एवं संघ के सान्निध्य में ब्रह्मचारी मंजूला दीदी के निर्देशन में पंडित खूमानसिंह जैन उज्जैन, मुकेश जैन एवं अशोक जैन मामा के द्वारा सम्पन्न करवाया जा रहा है. शहर के किराना व्यापारी कमलेशकुमार अनिल कुमार जैन को इस आयोजन को करवाने का सोभाग्य प्राप्त हुआ है.